CS (Main) Exam : ,2014

**C-DRN-N-RTZB**

# मनोविज्ञान / PSYCHOLOGY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|
| Time allowed : **Three Hours** | Maximum Marks : 250 |

---

**प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश**

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो **खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

munotes.in

खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) वैयक्तिक भिन्नताओं के उचित आकलन में कौन-से कारक बाधा डाल सकते हैं ? अनुसंधान साक्ष्य के प्रकाश में परीक्षण कीजिए ।

What factors can impede fair assessment of individual differences ? Examine in the light of research evidence. *10*

(b) बिना शर्त सकारात्मक आदर (रिगार्ड) से क्या तात्पर्य है ?

What is meant by unconditional positive regard ? *10*

(c) संगठनों में कार्यस्थल-हिंसा से निपटने के लिए, पुनर्वासन की कौन-सी रणनीतियों का उपयोग किया जा सकता है ?

Which rehabilitative strategies can be employed by the organisations to handle the workplace violence ? *10*

(d) समझाइए कि उच्च-कोटि लक्ष्यों की स्थापना किस प्रकार सामाजिक द्वंद्वों को सुलझाने में सहायक हो सकती है ।

Explain how the creation of superordinate goals can help in resolving social conflicts. *10*

(e) भारत में जनसंख्या नियंत्रण करने में कौन-से सामाजिक व मनोवैज्ञानिक कारक बाधा पहुँचाते हैं ?

What social and psychological factors come in the way of population control in India ? *10*

**Q2.** (a) भारत में इस्तेमाल करने के लिए सामान्य मानसिक योग्यता परीक्षण के विकास में एक मनोवैज्ञानिक को किन विभिन्न प्रकार के मानकों को विकसित करने की आवश्यकता होगी ?

What different types of norms will a psychologist need to develop a test of general mental ability for use in India ? *15*

(b) भारतीय सांस्कृतिक संदर्भ में विकास से संबंधित मुद्दों पर सामूहिक निर्णयन प्रक्रिया के प्रयोग के निहितार्थों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the implications of employing group decision-making in issues involving development in the Indian cultural context. *15*

(c) किसी सफल उद्यमी के मनोवैज्ञानिक अभिलक्षणों को स्पष्ट कीजिए ।

Explain psychological characteristics of a successful entrepreneur. *20*



munotes.in

**Q3.** (a) विवेचना कीजिए कि प्रसन्नता किस प्रकार मनोवैज्ञानिक तंदुरुस्ती और स्वास्थ्य को प्रभावित करती है ।

Discuss how happiness may influence psychological well-being and health. *15*

(b) निर्धन को कौन-सी मनोवैज्ञानिक दशाएँ सामाजिकतः सुविधावंचित अवस्था में रखती हैं ?

What psychological conditions keep the poor in a socially disadvantaged state ? *15*

(c) कुछ मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, कौन-से मनोवैज्ञानिक अभिप्रेरकों (मोटिव्स) ने भारत में आर्थिक विकास को मंद कर दिया है ? चर्चा कीजिए ।

What psychological motives have retarded economic development in India, according to some psychologists ? Discuss. *20*

**Q4.** (a) कौन-से मनोवैज्ञानिक कारक आतंकवादी-समूह को संसंजक बनाए रखते हैं ?

What psychological factors keep the group of terrorists cohesive ? *15*

(b) कलंकित लोगों (स्टिग्मेटाइज़्ड) के सामाजिक समावेशन के लिए आप किस मनोवैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करेंगे ?

What psychological knowledge will you put to use for social inclusion of the stigmatized ? *15*

(c) क्या नेताओं को प्रशिक्षित किया जा सकता है ? सिविल कर्मचारियों के लिए नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के अत्यावश्यक घटक क्या होंगे ?

Can leaders be trained ? What will be the essential components of a leadership training programme for the civil servants ? *20*

munotes.in

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) दुश्चिन्ता (ऐंग्ज़ाइटी) और मनःस्थिति विकारों के बीच आप किस प्रकार विभेद करेंगे ?

How will you distinguish between anxiety and mood disorders ? *10*

(b) आपके विचार में किस सीमा तक औद्योगिक संगठनों के अध्ययन से प्राप्त किए गए प्रबन्धन के सिद्धान्तों को भारत में अधिकारीतंत्रीय संगठनों की कार्यात्मकता बेहतर बढ़ाने हेतु इस्तेमाल में लाया जा सकता है ?

To what extent, do you think that the principles of management derived from the study of industrial organisations can be applied to improve the functioning of bureaucratic organisations in India ? *10*

(c) ग्रामीण भारत में अध्यापन-अधिगम प्रक्रम को प्रभावित करने वाले कारकों को गिनाइए ।

Enumerate the factors that can impact upon the teaching-learning process in rural India. *10*

(d) एक मनोवैज्ञानिक के रूप में, छोटे परिवार के मानक के समर्थन में, अभिवृत्तिक परिवर्तन हेतु, एक कार्यक्रम विकसित कीजिए ।

As a psychologist, develop a programme to bring about attitudinal change in favour of small family norm. *10*

(e) खिलाड़ियों के निष्पादन की वृद्धि में, मानसिक बिम्बावली (इमेजरी) की क्या भूमिका हो सकती है ? चर्चा कीजिए ।

What role can mental imagery play in enhancing the performance of sportspersons ? Discuss. *10*

**Q6.** (a) अवसाद-ग्रस्त व्यक्ति के मामले में कौन-सी चिकित्सा सर्वाधिक प्रभावकारी होगी ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए ।

What therapy will be most efficacious in case of someone who is suffering from depression ? Give reasons in support of your answer. *15*

(b) अपराधियों के पुनर्वासन में मनोवैज्ञानिकों को जिन चुनौतियों का सामना करने की संभावना हो सकती है, उन्हें स्पष्ट कीजिए ।

State the challenges the psychologists are likely to face in the rehabilitation of criminals. *15*

munotes.in

(c) महिला उद्यमियों हेतु किसी कार्यक्रम को विकसित करने में, कौन-से मनोवैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग किया जा सकता है ?

What psychological knowledge can be used to develop a programme for women entrepreneurs ? *20*

**Q7.** (a) अध्यापक 'ए.डी.एच.डी.' से ग्रस्त किसी बालक की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति में किस प्रकार सहायक हो सकते हैं ?

How can teachers help in meeting the educational needs of a child suffering from ADHD ? *15*

(b) सामाजिक सुविधावंचन के हानिकारी परिणामों का उपशमन किस प्रकार किया जा सकता है ?

How can the adverse consequences of social disadvantage be alleviated ? *15*

(c) मद विश्लेषण का क्या प्रयोजन है ? अभिक्षमता-परीक्षण के लिए आप इसका संचालन किस प्रकार करेंगे ?

What is the purpose of item analysis ? How would you carry it out for a test of aptitude ? *20*

**Q8.** (a) मनोचिकित्सा (साइकोथैरपी) के व्यवहारवादी उपागमों के सैद्धान्तिक आधारों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the theoretical bases of behaviouristic approaches of psychotherapy. *15*

(b) भारत में लिंग-रूढ़िबद्धताएँ क्या हैं ? वे स्त्री-पुरुष भेदभाव को किस प्रकार पोषित करती हैं ?

What are gender stereotypes in India ? How do they feed into gender discrimination ? *15*

(c) कक्षीय अधिगम की तुलना में सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) की दूरस्थ विधाओं से अधिगम में किस प्रकार के मनोवैज्ञानिक घाटे होते हैं ?

What are the psychological disadvantages of learning in the distant mode through IT compared to classroom learning ? *20*